भर्ती हेतु सूचना
प्रबंधन एसोसिएट (आरएसबीवाई)

आरएसबीवाई बैकएंड ऑपरेशन के लिए प्रबंधन एसोसिएट को रखने के लिए विचारार्थ शर्तें
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आरएसबीवाई योजना कार्यान्वित की जा रही है। इसका उद्देश्य है अभिज्ञात लाभार्थी परिवारों को बड़े स्वास्थ्य जोखिमों से संरक्षित करना जिनमें अस्पताल में भर्ती होना शामिल है। देशभर में पैनलबद्ध अस्पतालों में पॉलिसी अवधि के दौरान स्मॉर्ट कार्ड के आधार पर ऐसे परिवार इन-पेशंट के तौर पर उपचार के लिए 30,000/-रु. के स्वास्थ्य बीमा कवर के हकदार हैं जिसमें प्रसूति और नवजात का बीमा कवर भी शामिल है। पूर्व विहित शर्तें कवर की गई हैं और कोई आयु सीमा नहीं है। परिवार का मुखिया, जीवन-साथी और तीन आश्रित इसमें कवर होते हैं।

आरएसबीवाई योजना को कार्यान्वित करने वाले सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी सहायता प्रदान करने तथा योजना के सुचारू संचालन और आरएसबीवाई के बैकएंड ऑपरेशन के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पूर्णतया संविदात्मक आधार पर एनएचएसआरसी के माध्यम से आरएसबीवाई तकनीकी टीम की भर्ती कर रहा है।

प्रबंधन एसोसिएट की प्रोफाइल

- सीएस/आईटी की स्नातक डिग्री वाले व्यक्ति, अधिमानता आईटी में एमबीए और इसके उपरांत कम से कम 2 वर्ष के कार्य का अनुभव हो।
- डाटा एकत्र कर विश्लेषण करना, आरएसबीवाई परियोजना कार्यान्वयन से संबंधित सार, रिकॉर्ड तथा अन्य प्रलेख तैयार तथा अद्यतन करना।
- टिप्पण/पत्र प्रारूपण सहित कार्यालय प्रशासन, फाइल प्रबंधन तथा राज्यों को निधियां जारी करना।
- ई-ऑफिस के माध्यम से फाइल प्रबंधन तथा अन्य प्रयोक्ताओं को ई-ऑफिस प्रशिक्षण देना।
- एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वांइट जैसे आमतौर पर प्रयोग में आने वाले पैकेजों का उच्च स्तरीय ज्ञान और कम्प्यूटर दक्षता।
- आरएसबीवाई योजना तथा इसके पहलुओं की जानकारी अतिरिक्त योग्यता होगी।
- आरएसबीवाई, एएबीवाई तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अन्य योजनाओं तथा कार्यचालन की जानकारी।
- उत्कृष्ट संप्रेषण व प्रस्तुति दक्षता, ठोस अवधारणा, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी व हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक तथा लिखित संप्रेषण दक्षता।
- बहु-आयामी टीम माहौल में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।

आयु सीमा : अधिकतम 40 वर्ष

पारिश्रमिक सीमाः कार्य प्रोफाइल और अनुभव के अनुसार वेतन पैकेज प्रतिमाह 30,000/-रु. से 40,000/-रु. के बीच

कार्य स्थलः नई दिल्ली

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** rsby.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।